KHAN GLOBAL STUDIES
Kisan Cold Storage, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob. : 8877918018, 8757354880

BPSC- Bihar Geography

By : Khan Sir
( मानचित्र विशेषज्ञ )

# बिहार : औद्योगीकरण एवं नियोजन

☞ किसी अर्थव्यवस्था के अंतर्गत कच्चे पदार्थ को उचित एवं सुलभ तकनीक के माध्यम से उसके स्वरूप में परिवर्तन लाकर अधिक उपयोगी बना देना तथा निर्मित पदार्थों का उचित तरीकों से रख-रखाव करना इत्यादि उद्योग के अंतर्गत आता है।

☞ उद्योग का विस्तृत रूप औद्योगिकरण कहलाता है।

☞ किसी अर्थव्यवस्था में औद्योगिकरण एवं नियोजन हेतु निम्नलिखित की आवश्यकता होती है।

- कुशल श्रमिकों की आवश्यकता।
- सुगमतापूर्वक कच्चे माल की प्राप्ति।
- उचित मात्रा में पूँजी का आवश्यकता।
- उचित आवागमन मार्ग एवं परिवहन का साधन।
- निर्मित वस्तुओं की बिक्री हेतु विस्तृत बाजार की सुविधा।

☞ बिहार में सकल घरेलू उत्पाद में उद्योग क्षेत्र का हिस्सा लगभग 19% है जबकि भारत में औसतन इसका हिस्सा 31% है। इस तरह देखा जाय तो बिहार में आधारभूत आवश्यकताओं की कमी के चलते उद्योग क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है।

### ❖ उद्योग की स्थिति-

☞ बिहार में कृषि आधारित और कृषितर दोनों प्रकार के कारखानों और चालू कारखानों की वार्षिक वृद्धि दर सम्पूर्ण भारत के औसत से अधिक थी। पिछले दस वर्षों में बिहार में चालू कृषि आधारित कारखानों की वृद्धि दर 16.4% जबकि सम्पूर्ण भारत के स्तर पर मात्र 3.3% थी।

### ❖ कृषि आधारित उद्योग (Agricultue Based Industries) -

☞ बिहार में मैदानी इलाकों का क्षेत्रफल अधिक होने के फलस्वरूप कृषि पर आधारित उद्योगों की संभावना बढ़ जाती है। लेकिन आधारभूत औद्योगिक संरचना के आभाव में कृषि पर आधारित उद्योग का भी अधिक मात्रा में विकास नहीं हो पाया है।

☞ वर्तमान में बिहार में निम्नलिखित उद्योग जो कृषि पर आधारित है।

❖ **( फूड प्रोसेसिंग उद्योग ) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग**
❖ **चावल मील उद्योग**
❖ **जूट एवं उस पर आधारित उद्योग**
❖ **दाल मिल उद्योग इत्यादि।**

### ❖ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग (Food Processing Industry)–

☞ यह उद्योग मुख्यत: कृषि एवं पशुपालन पर आधारित है, जिसके अंतर्गत गेहूँ, मक्का, चावल, दुग्ध उत्पाद, खाद्य तेल, फल एवं मखाना इत्यादि आते हैं।

☞ प्रोटीन एवं कार्बोहाइड्रेट की प्रचुर मात्रा मखाना में पाई जाती है, जिसकी खेती मुख्यत: सीतामढ़ी, मधुबनी एवं दरभंगा में की जाती है।

☞ मखाना शोध संस्थान दरभंगा में स्थापित है। इसके अलावा मुजफ्फरपुर एवं वैशाली में लीची आधारित, जबकि रोहतास एवं कैमूर में अमरूद आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित हैं।

☞ बिहार में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को विस्तृत रूप प्रदान करने हेतु निम्नलिखित योजनाएँ क्रियांवित हैं-

- **शीतगृह योजना**- रु 5 करोड़ तक सब्सिडी
- **फूड पार्क योजना**- कुल लागत का 30% सब्सिडी जिसकी अधिकतम मात्रा रु 50 करोड़। हाल ही में बक्सर में एक फूड पार्क की स्थापना की जा रही है।
- **समेकित विकास परियोजना** - कुल लागत का 40% तक सब्सिडी
- चावल मिलों की आधुनिकीकरण योजना।

### ❖ चीनी उद्योग (Sugar Industry)–

☞ इस उद्योग के सुचारू रूप से संचालन हेतु निम्नलिखित दशाओं का होना अनिवार्य होता है-

- जलोढ़ मिट्टी
- 200 सेंटीमीटर से अधिक वर्षा
- आवागमन की सुविधा उत्तम
- उष्ण-आर्द्र जलवायु
- सिंचाई सुविधा हेतु नहर एवं नलकूप का उत्तम प्रबंध
- सघन श्रम एवं विस्तृत बाजार आदि।
- चीनी मिलों की संख्या की दृष्टि से बिहार का स्थान उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र के बाद तीसरा है। देश में पैदा होने वाली ईख में बिहार का 3.5 प्रतिशत हिस्सा है।

☞ बिहार का सबसे पुराना उद्योग चीनी उद्योग है।

☞ प्रथम चीनी मिल की स्थापना-1841 (डचों द्वारा)

- प्रथम सफल चीनी मिल-1903 (मढ़ौरा, सारण)
- बिहार राज्य चीनी निगम की स्थापना-1974
- बिहार में कुल चीनी मिलों की संख्या-11 (वर्तमान में 10 मिल चालू)
- **जिले**-सारण, पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज

## ❖ वस्त्र उद्योग (Textile Industry)–

- इस उद्योग के संचालन हेतु कच्चे माल के रूप में कपास एवं जूट की आवश्यकता होती है, साथ-ही-साथ बुनकर एवं हथकरघा जैसे साधनों की आवश्यकता होती है।
- वर्तमान में बिहार में हथकरघा क्षेत्र में लगभग 1.3 लाख से अधिक लोग कार्यरत हैं।
- हथकरघा क्षेत्र में कार्यरत लोगों की सहायता हेतु बिहार में दो विपणन संगठन मौजूद है-
  - बिहार राज्य ऊन एवं भेड़ संघ
  - बिहार हथकरघा सहकारी संघ

## ❖ बिहार में हथकरघा से निर्मित कपड़े का उत्पादन

| बिहार में हथकरघा के संकेंद्रण वाले जिले | |
|---|---|
| **जिला** | **उत्पाद** |
| भागलपुर | रेशमी, सूती, सजावटी कपड़े, स्टेपल चादरें, निर्यात योग्य रेशमी और सूती कपड़े |
| बाँका | तसर रेशम, निर्यात योग्य रेशमी कपड़े और सूती तौलिये-गमछे |
| गया | सूती कपड़ों के थान, बेड शीट, तौलिये-गमछे |
| नालंदा | सजावटी पर्दे, बिस्तर के खोल, आंतरिक सज्जा सामग्रियाँ और सजावटी कपड़े |
| नवादा | तसर रेशम और महिलाओं की पोशाक के समान, लिनेन |
| मधुबनी | महीन सूती कपड़ों के थान, धोती, कमीज के कपड़े |
| औरंगाबाद, रोहतास | ऊनी कंबल, ऊनी कालीन और साड़ियाँ |
| कैमूर | ऊनी कालीन, बनारसी साड़ियाँ |
| पटना, सीवान | सूती कपड़े, सजावटी कपड़े |
| पूर्णिया, कटिहार | जूट के थैले, जूट मिश्रित सामग्रियाँ, आंतरिक सज्जा सामग्रियाँ<br>पूर्णिया के मारंगा में जूट पार्क की स्थापना की गई है। |

- सूती वस्त्र के साथ-साथ बिहार में रेशम एवं तसर से निर्मित वस्त्र भी मशहूर रहा है। हाल ही में 2016-17 के लिये मुख्यमंत्री कोसी-मलबरी योजना आरंभ की गई है। इसके अंतर्गत कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज, अररिया, सुपौल, सहरसा एवं मधेपुरा इत्यादि जिलों में मलबरी विकास कार्यक्रम संचालित हो रहा है। इस योजना के तहत उत्पादित धागों का ब्रांड नाम 'कौशिकी' रखा गया है।

## ❖ रेशम उद्योग–

- रेशम उद्योग हेतु भागलपुर को सिल्क सिटी कहा जाता है जबकि ईरी रेशम का उत्पादन पूर्णिया जिला में होता है।
- बिहार में तीन प्रकार के रेशम का उत्पादन किया जाता है- मलबरी, तसर, अंडी।

## ❖ खादी एवं ग्रामोद्योग (Khadi and Village Industries)–

- बिहार में खादी और ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिये खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) और खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड (केवीआईबी) कई गतिविधियाँ चलाते हैं। मुख्य गतिविधियाँ हैं- नये कौशलों की जानकारी का प्रसार, प्रोद्योगिकी हस्तांतरण और शोध एवं विकास।
- बिहार में वर्तमान में खादी के ब्रांड अम्बेसडर मनोज तिवारी और मैथिली ठाकुर हैं।

## ❖ खनिज पर आधारित उद्योग (Mineral Based Industries)–

| उद्योग | विशेषताएँ |
|---|---|
| सीमेंट | ❖ प्रमुख केंद्र रोहतास जिला के बंजारी में है।<br>❖ पोर्टलैंड सीमेंट का उत्पदान कल्याणपुर सीमेंट लिमिटेड, बंजारी<br>❖ सीमेंट का सबसे बड़ा कारखाना डामियानगर में स्थित है।<br>❖ औरंगाबाद में श्रीसीमेंट जबकि भभुआ में इको सीमेंट की इकाई स्थापित की गई है। |
| क्रशर उद्योग (पत्थर काटने का) | ❖ ग्रेनाइट, सिस्ट, नीस आदि चट्टानों पर आधारित उद्योग<br>❖ दक्षिण बिहार, खासकर गया, नवादा, जमुई, मुंगेर, कैमूर एवं रोहतास में वृहत् पैमाने पर विकसित। |
| रासायनिक उद्योग | ❖ बरौनी तेल शोधन कारखाना सोवियत रूस एवं रोमानिया के सहयोग से जुलाई, 1964 ई. में स्थापित।<br>❖ बरौनी ताप विद्युत केंद्र 1962 में स्थापित हुआ जिसकी विद्युत उत्पादन क्षमता 320 मेगावाट है।<br>❖ रोहतास में पाइराइट फॉस्फेट कारखाना स्थापित।<br>❖ पटना में बिहार इनसेक्टिसाइट लिमिटेड की स्थापना 27 फरवरी, 1982 को की गई। |

| | |
|---|---|
| इंजीनियरिंग उद्योग | ❖ माल ढुलाई के डिब्बे एवं तार की रस्सी बनने हेतु मोकामा में भारत वैगन एवं इंजीनियरिंग लिमिटेड की स्थापना की गई है।<br>❖ रेलवे बैगन संयंत्र मुजफ्फरपुर में ऑर्थर बटलर कंपनी में बनाए जाते हैं।<br>❖ चमड़ा प्रसंस्करण उद्योग बरौनी एवं मुजफ्फरपुर में स्थापित है।<br>❖ बाटा कंपनी का बड़ा कारखाना मोकामा एवं दीघा में है।<br>❖ काँच (शीशा उद्योग) से संबंधित कारखाना पटना, भवानी नगर (अररिया), हाजीपुर में है। |

### ❖ वन आधारित उद्योग (Forest Based Industry)–

| उद्योग | विशेषताएँ |
|---|---|
| कागज एवं लुग्दी उद्योग | ❖ कागज उत्पादन हेतु प्रमुख कारखाना डालमियानगर एवं समस्तीपुर के जितवारपुर में है। यहाँ सर्वोत्तम श्रेणी के कागज, टीशू पेपर, सिम्पलैक्स बोर्ड, मुद्रण-पत्र, टिकट बोर्ड एवं लुग्दी बोर्ड का उत्पादन होता है।<br>❖ ठाकुर पेपर मिल्स लिमिटेड कारखाना समस्तीपुर में है। |
| लकड़ी उद्योग | ❖ एशियन प्लाईवुड इंडस्ट्रीज हाजीपुर में स्थित है। |
| सिगरेट एवं बीड़ी उद्योग | ❖ ITC का सिगरेट कारखाना जो तंबाकू आधारित है, मुंगेर (दिलवारपुर) में स्थापित है। |

**बिहार के प्रमुख उद्योग**

| जिला | उद्योग |
|---|---|
| किशनगंज | चाय उद्योग |
| कटिहार | दियासलाई उद्योग |
| सीवान एवं बिहटा | बर्तन उद्योग |
| फतुहा (पटना) | बिहार स्कूटर्स लिमिटेड |
| मुंगेर | बंदूक कारखाना |
| मेहसी (पूर्वी चंपारण) | बटन उद्योग |
| लखीसराय | सिंदूर |
| छपरा | रेल पहिया |
| जमालपुर | रेल इंजन मरम्मत |
| मधेपुरा | स्लीपर कारखाना |
| काँटी (मुजफ्फरपुर) | ताप बिजलीघर |
| पूर्णिया | जूट |

### ❖ बिहार में स्थापित छः औद्योगिक प्रदेश (Six Industrial Regions Established in Bihar)–

- बरौनी औद्योगिक प्रदेश (बरौनी)
- सोन घाटी औद्योगिक प्रदेश (कैमूर)
- दक्षिण-पश्चिमी बिहार के मैदान का औद्योगिक प्रदेश (पटना)
- दक्षिण-पूर्व बिहार का औद्योगिक प्रदेश (मुंगेर)
- गया-गुरारू औद्योगिक प्रदेश (गया)
- उत्तर-पश्चिमी गंगा मैदान का चीनी औद्योगिक प्रदेश (चंपारण)

### ❖ बिहार में स्थापित केंद्र सरकार द्वारा नियंत्रित सार्वजनिक औद्योगिक इकाई (Public Industrial Units Controlled by the Central Government Established in Bihar)–

| उद्योग का नाम | स्थान का नाम |
|---|---|
| भारत वैगन एंड इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड | मोकामा |
| इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड तथा फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड | बरौनी |
| रेल पहिया कारखाना | बेला, छपरा |
| कैरेज रिपेयर रेल वर्कशॉप | हरनौत (नालंदा) |
| रेलवे विद्युत इंजन कारखाना (निर्माणाधीन) 12000 अ.श. (क्षमता) | मधेपुरा |
| डीजल एवं इलेक्ट्रिक इंजन कारखाना (निर्माणाधीन) | मढ़ौरा, छपरा |
| नेशनल जूट मैन्युफैक्चरिंग मिल | कटिहार |

## स्मरणीय तथ्य

❖ रेशमी वस्त्र का उत्पादन भागलपुर जिले में होता है। भागलपुर को 'सिल्क सिटी' भी कहा जाता है।
❖ बिहार में Support Programme for Urban Reforms (SPUR) परियोजना का संबंध नगर निगम वित्त से है।
❖ जीविका (JEEVIKA) बिहार सरकार की एक पहल है जिसका संबंध सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण से है।
❖ बिहार के उद्योगों का कमिश्नर दफ्तर पटना में अवस्थित है।
❖ बिहार की औद्योगिक नीति, 2011 पाँच वर्षों तक प्रभावित रही।
❖ बिहार में प्रथम चीनी का कारखाना 1840 में डचों द्वारा बेतिया में स्थापित किया गया था।
❖ राष्ट्रीय स्तर पर कुल चीनी उत्पादन का 2 प्रतिशत ही बिहार से प्राप्त होता है।
❖ चीनी उद्योग हेतु जलोढ़ मिट्टी के साथ-साथ 100 सेमी. से अधिक वर्षा की आवश्यकता होती है।
❖ बिहार के जी.डी.पी. में उद्योग क्षेत्र का हिस्सा 18.1 प्रतिशत है।
❖ मखाना में प्रोटीन एवं कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है। इसकी उपज मुख्यत: सीतामढ़ी, मधुबनी एवं दरभंगा में होती है।
❖ मखाना शोध संस्थान दरभंगा में स्थित है।

- बनारसी साड़ी का उत्पादन भभुआ में होता है।
- बरौनी तेल शोधन कारखाना सोवियत रूप एवं सोमानिया के सहयोग से जुलाई 1964 में स्थापित किया गया था।
- ईरी रेशम का उत्पादन पूर्णिया जिले में होता है।
- बिहार इनसेक्टिसाइट लिमिटेड की स्थापना पटना में की गई है।
- रेलवे वैगन संयंत्र मुजफ्फरपुर में ऑर्थर बटलर कंपनी में बनाए जाते हैं।
- मधेपुरा लोकोमोटिव फैक्टरी में 12000 अश्व शक्ति (H.P.) का विद्युत रेल इंजन निर्मित किया गया है।
- ठाकुर पेपर मिल्स लिमिटेड कारखाना समस्तीपुर में है।
- एशियन प्लाइवुड इंडस्ट्रीज हाजीपुर में स्थित है।
- तंबाकू आधारित सिगरेट का कारखाना दिलवारपुर (मुंगेर) में है।
- पटना में राज्य के प्रथम 'स्टार्ट-अप हब' का उद्घाटन किया गया है।
- बंदूक का कारखाना मुंगेर में है।
- बटन उद्योग मेहसी (पूर्वी चंपारण) में है।
- विनिर्माण क्षेत्र के लिये लघु उद्योग में पूंजी की सीमा ₹ 25 लाख – ₹ 5 करोड़ है।
- सेवा क्षेत्र में मध्यम उद्योग हेतु पूंजी की सीमा ₹ 2 करोड़ – ₹ 5 करोड़ है।
- कैरेज रिपेयर रेल वर्कशाप हननौत (नालंदा) में स्थित है।
- टिस्को संयंत्र जमशेदपुर में अवस्थित है, जो सिंहभूम जिले के निकट अवस्थित है।
- विभाजन से पूर्व बिहार में कुल 6 औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण थे– बोकारो, पटना, राँची, दरभंगा, मुजफ्फरपुर तथा आदित्यपुर।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** बिहार में निम्नलिखित में से कौन रेशम (सिल्क) वस्त्र उत्पादक केंद्र है?

(a) मोतीपुर (b) बंजारी
(c) भागलपुर (d) डालमियानगर
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**67th BPSC (Pre), Re-Exam, 2022**
**60-62nd BPSC (Pre).**

**2.** उद्योग और स्थान के निम्न जोड़ों में से कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?

(a) ऑयल रिफाइनरी – बरौनी
(b) सीमेंट – बंजारी
(c) फर्टिलाइजर – भौराही
(d) रेलडिब्बा और अभियांत्रिकी – भागलपुर
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66th BPSC (Pre).**

**3.** मधेपुरा लोकोमोटिव फैक्ट्री में निर्मित भारत की सबसे शक्तिशाली विद्युत रेल इंजन का सामर्थ्य है–

(a) 9000 अ.श. (b) 10000 अ.श.
(c) 11000 अ.श. (d) 12000 अ.श.
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**64th BPSC (Pre).**

**4.** 16 मार्च, 2018 को उपमुख्यमंत्री श्री सुशील मोदी ने बिहार के किस नगर में राज्य के प्रथम 'स्टार्ट-अप-हब' का उद्घाटन किया?

(a) मोतिहारी (b) मुंगेर
(c) पटना (d) आरा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**64th BPSC (Pre).**

**5.** निम्नलिखित स्थानों में भारत वैगन एवं इंजीनियरिंग कं. लि. कहाँ स्थित है?

(a) मधेपुरा (b) जमालपुर
(c) हरनौल (d) मोकामा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**60-62nd BPSC (Pre).**

**6.** बिहार में डालमियानगर किसके लिये प्रसिद्ध है?

(a) रेशम (b) सीमेंट
(c) चमड़ा (d) जूट

**56-59th BPSC (Pre).**

**7.** बिहार में उद्योगों का कमिश्नर दफ्तर प्रसिद्ध है?

(a) पटना (b) गया
(c) हाजीपुर (d) मुजफ्फरपुर

**53-55th BPSC (Pre).**

**8.** बिहार राज्य में कितने "औद्योगिक प्रदेश" हैं?

(a) छः- बरौनी, कैमूर, पटना, मुंगेर, गया एवं चंपारण
(b) पाँच- आदित्यपुर, बोकारो, दरभंगा, मुजफ्फरपुर एवं पटना
(c) सात – आदित्यपुर, बोकारो, पटना, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, राँची एवं भोजपुर
(d) चार- आदित्यपुर, मुजफ्फरपुर, भोजपुर एवं खगड़िया

**60-62th BPSC (Pre).**

**9.** टिस्को संयंत्र किसके नजदीक स्थित है?

(a) पटना (b) दरभंगा
(c) धनबाद (d) जमशेदपुर

**53-55th BPSC (Pre).**

**10.** बिहार में सूची-I (उद्योगों) को सूची-II (नगरों) से सहसंबंधित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–

| सूची-I ( उद्योग ) | सूची-II ( नगर ) |
|---|---|
| A. कागज | 1. डालमियानगर |
| B. सिगरेट | 2. दिलवारपुर |
| C. प्लाईवुड | 3. हाजीपुर |
| D. जूट | 4. पूर्णिया |

| कूट: | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**66th BPSC (Pre).**

❍❍❍